Alberta

**समाचार** विज्ञप्ति

# एल्बर्टा की गर्मियों के लिए खुलने की योजना (Open for Summer Plan)

26 मई 2021

## एल्बर्टा सरकार तीन चरणों में प्रांतव्यापी स्वास्थ्य दिशा-निर्देश हटाएगी क्योंकि टीकाकरण के लक्ष्य प्राप्त हो रहे हैं और अस्पताल में भर्ती होने वाले लोगों की सँख्या में गिरावट आ रही है।

एल्बर्टा की गर्मियों के लिए खुलने की योजना (Open for Summer Plan) स्वास्थ्य प्रतिबंधों को हटाने और सुरक्षित रूप से सामान्य स्थिति में वापिस आने के लिए तीन चरणों का मार्गपथ प्रदान करती है।

यदि एल्बर्टावासी अल्पावधि में जनस्वास्थ्य दिशा-निर्देशों का पालन करना जारी रखते हैं और टीकाकरणों की संख्या में तेजी से वृद्धि जारी रहती है, तो यह योजना एल्बर्टावासियों को प्रतिबंध-मुक्त गर्मियों का एक स्पष्ट चित्र प्रदान करती है।

एल्बर्टा की गर्मियों के लिए खुलने की योजना (Open for Summer Plan) में टीकाकरण सीमाओं और अस्पताल में भर्ती होने वाले लोगों की संख्या के आधार पर तीन चरण शामिल हैं:

- चरण 1: 12 वर्ष से अधिक आयु के 50 प्रतिशत से अधिक एल्बर्टावासियों को टीके की कम से एक खुराक प्राप्त होने के दो सप्ताह बाद, तथा COVID-19 के कारण अस्पताल में भर्ती होने वाले लोगों की संख्या 800 से कम रहती है और इसमें गिरावट आ रही रही है।
- चरण 2: 12 वर्ष से अधिक आयु के 60 प्रतिशत से अधिक एल्बर्टावासियों को टीके की कम से एक खुराक प्राप्त होने के बाद, तथा COVID-19 के कारण अस्पताल में भर्ती होने वाले लोगों की संख्या 500 से कम रहती है और इसमें गिरावट आ रही रही है।
- चरण 3: 12 वर्ष से अधिक आयु के 70 प्रतिशत से अधिक एल्बर्टावासियों को टीके की कम से एक खुराक प्राप्त होने के दो सप्ताह बाद।

18 मई को एल्बर्टा में टीके की एक खुराक मिलने की 50 प्रतिशत सीमा प्राप्त हो गई थी, और अस्पताल में भर्ती होने वाले लोगों की संख्या 800 से काफी कम है, इसलिए एल्बर्टा 1 जून को चरण 1 में प्रवेश करेगा। टीकाकरण की वर्तमान गति के आधार पर मध्य जून में एल्बर्टा के चरण 2 में प्रवेश करने तथा जून के अंत या जुलाई के आरंभ में चरण 3 में प्रवेश करने का अनुमान है। ये केवल अनुमान ही हैं और इस बात पर निर्भर करते हैं कि सभी एल्बर्टावासी टीकाकरण की संख्या में वृद्धि तथा अस्पताल में भर्ती होने वाले लोगों की संख्या में हमारी गिरावट को जारी रखेंगे।

**चरण 1: 12 वर्ष से अधिक आयु के 50 प्रतिशत से अधिक एल्बर्टावासियों को टीके की कम से एक खुराक प्राप्त होने के दो सप्ताह बाद, तथा यदि COVID-19 के कारण अस्पताल में भर्ती होने वाले लोगों की संख्या 800 से कम रहती है और इसमें गिरावट आ रही रही है।**

28 मई से आरंभ:

- उपासना सेवाओं के लिए क्षमता सीमा अग्नि संहिता उपस्थितगण संख्या के 15 प्रतिशत तक बढ़ जाती है।

1 जून से आरंभ:

- दूरी बनाए रखने के साथ आउटडोर सामाजिक जनसमूह में लोगों की संख्या 10 तक बढ़ जाती है।
    - इनडोर सामाजिक जनसमूहों की अनुमति अभी भी नहीं है।
- आउटडोर पेटियो में प्रति मेज पर अधिकतम चार लोग बैठकर भोजन करना फिर से आरंभ कर सकते हैं।
    - मेज पर बैठे सभी लोग एक ही घर-परिवार के सदस्य होने चाहिए, अथवा अकेले रहने वाले व्यक्ति के लिए डाइनिंग पार्टी में दो निकट संपर्कों की सीमा है।
    - शारीरिक दूरी और अन्य प्रतिबंध अभी भी लागू हैं।
- सभी आयुवर्गों के लिए आउटडोर शारीरिक गतिविधियों, प्रदर्शनों और मनोरंजन आयोजनों में शारीरिक दूरी के साथ 10 लोगों की अनुमति है।
- रिटेल स्थल अग्नि संहिता उपस्थितगण संख्या के 15 प्रतिशत तक बढ़ाने में सक्षम हैं (शारीरिक दूरी की क्षमता बनाए रखनी होगी)।
- व्यक्तिगत और कल्याण सेवाएँ केवल एपॉइंटमेंट से फिर से खोली जा सकती हैं।
- विवाह समारोहों में अधिकतम 10 लोग शामिल हो सकते हैं, जिनमें अधिकारी, दूल्हा/दुल्हन, गवाह और कोई भी फोटोग्राफर/वीडियोग्राफर शामिल हैं। प्रीतिभोजों के लिए निषेध है।
- अंतिम संस्कार समारोहों में अधिकतम 20 लोग शामिल हो सकते हैं, जिसमें सुविधा स्टाफ, अंतिम संस्कार के लिए पादरी या मेहमान न माने जाने वाले आयोजकों के लिए अपवाद है। भोज के लिए निषेध है।
- सामाजिक दूरी और मास्किंग आवश्यकताएँ प्रभावी रहती हैं।

**चरण 2: 12 वर्ष से अधिक आयु के 60 प्रतिशत से अधिक एल्बर्टावासियों को टीके की कम से एक खुराक प्राप्त होने के दो सप्ताह बाद, तथा यदि COVID-19 के कारण अस्पताल में भर्ती होने वाले लोगों की संख्या 500 से कम रहती है और इसमें गिरावट आ रही रही है।**

- दूरी बनाए रखने के साथ आउटडोर सामाजिक जनसमूह में लोगों की संख्या 20 तक बढ़ जाती है।
- शादी समारोहों में अधिकतम 20 लोग उपस्थित हो सकते हैं। प्रीतिभोजों को केवल आउटडोर ही आयोजित किया जा सकता है।
- अंतिम संस्कार समारोहों में अधिकतम 20 लोगों की उपस्थिति के साथ कोई परिवर्तन नहीं हुआ है, जिसमें सुविधा स्टाफ, अंतिम संस्कार के लिए पादरी या मेहमान न माने जाने वाले आयोजकों के लिए अपवाद है। भोज केवल आउटडोर ही आयोजित किए जा सकते हैं।
- रेस्तराओं में इनडोर या आउटडोर एक मेज पर अधिकतम छह लोग बैठ सकते हैं।
    - डाइनिंग पार्टियों के लिए अब केवल एक ही घर-परिवार से आने वाले लोगों की सीमा नहीं है।
    - शारीरिक दूरी और अन्य प्रतिबंध अभी भी लागू हैं।
- रिटेल क्षमता अग्नि संहिता उपस्थिति के एक-तिहाई तक बढ़ जाती है (शारीरिक दूरी की क्षमता बनाए रखनी होगी)।
- उपासना स्थलों की क्षमता अग्नि संहिता उपस्थिति के एक-तिहाई तक बढ़ जाती है।
- जिम और अन्य इनडोर फिटनेस सुविधाएँ प्रतिभागियों के बीच तीन मीटर की दूरी के साथ एकल और ड्रॉप-इन गतिविधियों के लिए फिर से खुल जाती हैं, और फिटनेस कक्षाएँ तीन मीटर की दूरी के साथ फिर से आरंभ हो सकती हैं।
- इनडोर परिवेश अग्नि संहिता उपस्थिति की एक-तिहाई क्षमता के साथ खुल सकते हैं, जिनमें इनडोर मनोरंजन केंद्र शामिल हैं। इनमें एरिना, सिनेमा, थिएटर, संग्रहालय, कलादीर्घाएं और पुस्तकालय भी शामिल हैं।
- इनडोर और आउटडोर युवा एवं वयस्क खेल बिना किसी प्रतिबंध के फिर से आरंभ हो सकते हैं।
- दिवसकालीन शिविरों और खेल केंद्रों जैसी युवा गतिविधियाँ प्रतिबंधों के साथ फिर से आरंभ हो सकती हैं।
- व्यक्तिगत और कल्याण सेवाएँ वॉक-इन सेवाएँ फिर से आरंभ कर सकती हैं।
- माध्यमिकोत्तर संस्थान फिर से व्यक्तिगत शिक्षण आरंभ कर सकते हैं।

- घर से कार्य करने के आदेश को हटा दिया गया है, लेकिन अभी भी इसकी सलाह दी जाती है।
- आउटडोर अचल बैठने की सुविधाएँ (जैसे, ग्रैंडस्टैंड) एक-तिहाई क्षमता के साथ खुल सकते हैं।
- सार्वजनिक आउटडोर जनसमूहों (जैसे संगीत कार्यक्रम/त्योहारों) में प्रतिबंधों के साथ अधिकतम उपस्थितगण की संख्या 150 तक बढ़ जाती है।
- दूरी बनाए रखने और मास्किंग की आवश्यकताएँ अभी भी प्रभावी रहती हैं।

**चरण 3: 12 वर्ष से अधिक आयु के 70 प्रतिशत से अधिक एल्बर्टावासियों को टीके की कम से एक खुराक प्राप्त होने के दो सप्ताह बाद।**

- इनडोर सामाजिक समारोहों पर प्रतिबंधों समेत सभी प्रतिबंधों को हटा दिया जाता है।
- COVID-19 के पुष्ट मामलों के लिए एकांतवास आवश्यकताएँ और निरंतर देखभाल परिवेशों में कुछ सुरक्षात्मक दिशा-निर्देश जारी रहते हैं।

प्रत्येक चरण से पहले सभी प्रतिबंधों और दिशा-निर्देशों के बारे में अतिरिक्त विवरण जारी किए जाएंगे। वेबसाइट alberta.ca पर एल्बर्टावासी प्रांत की टीकाकरण प्रगति का अनुरेखण कर सकते हैं।

प्रांत के खुलने के दौरान COVID-19 के फैलाव की निगरानी किया जाना जारी रहेगा। क्षेत्रीय या प्रांतीय स्तरों पर COVID-19 के फैलाव के रुझानों की प्रतिक्रिया में फिर से खुलने के किसी भी चरण को आवश्यकतानुसार रोका जा सकता है।

लगातार रूप से फिर से खुलना इस बात पर निर्भर करेगा कि गर्मियों के महीनों के दौरान एल्बर्टावासी पूरी तरह से दो खुराकों का प्रतिरक्षण प्राप्त कर लेते हैं, ताकि भविष्य में COVID-19 के फैलाव की रोकथाम की जा सके।

एल्बर्टा सरकार COVID-19 महामारी की प्रतिक्रिया में वक्र को मोड़ने, छोटे व्यवसायों को कार्यरत बनाए रखने और एल्बर्टा की स्वास्थ्य-देखभाल प्रणाली की सुरक्षा के लिए सटीक उपायों के माध्यम से जीवन और लोगों की आजीविकाओं की रक्षा कर रही है।

## त्वरित तथ्य

- अब तक एल्बर्टा में टीकों की 2.55 मिलियन खुराकें प्रशासित कर दी गई हैं।

## संबंधित जानकारी

- एल्बर्टा की गर्मियों के लिए खुलने की योजना (Open for Summer Plan)

## मल्टीमीडिया

- समाचार सम्मेलन देखें

## मीडिया पूछताछ

जेरिका गुडविन
587-988-3278
प्रेस सचिव, प्रीमियर कार्यालय (Press Secretary, Office of the Premier)

टॉम मैकमिलन
780-422-4905
सहायक संचार निदेशक, स्वास्थ्य (Assistant Director of Communications, Health)

*और अधिक सरकारी अनुवादित संसाधनों के लिए कृपया यहाँ जाएँ: https://www.alberta.ca/covid-19-translated-resources.aspx।*